एच ई सी

गुणवत्ता नीति

QUALITY POLICY

''ग्राहक की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं
के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पादों, प्रणालियों
एवं सेवाओं के विश्वसनीय सप्लायर
के रूप में अग्रणी स्थान प्राप्त करना
तथा उसे बनाये रखना''

"TO ACHIEVE AND MAINTAIN A LEADING POSITION
AS A SUPPLIER OF RELIABLE QUALITY PRODUCTS,
SYSTEMS AND SERVICES TO MEET CUSTOMER
NEEDS AND EXPECTATIONS"

: अनुक्रमणिका :

1.	वार्षिक आमसभा की सूचना	:	02
2.	निदेशकीय प्रतिवेदन	:	03
3.	नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा लेखा की टिप्पणियाँ और उत्तर	:	13
4.	लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन एवं उत्तर	:	14
5.	तुलन – पत्र	:	24
6.	लाभ और हानि लेखा	:	25
7.	अनुसूचियाँ	:	26
8.	अतिरिक्त सूचनाएँ	:	40
9.	महत्वपूर्ण लेखा नीति का विवरण	:	47

निदेशक मंडल

(10.09.2008)

अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक	:	श्री जी. के. पिल्लई
निदेशक (कार्मिक)	:	श्री एम. आर. वेणुगोपाल
निदेशक (वित्त)	:	श्री आर. मिश्रा
निदेशक (विपणन)	:	श्री भरत प्रसाद
निदेशक (उत्पादन)	:	श्री एस. के. चौधरी
निदेशकगण	:	श्री बी. बी. सिंह
	:	श्री आर. अशोकन
	:	श्री वी. के. श्रीवास्तव
कम्पनी सचिव	:	श्री अभय कुमार कंठ
सांविधिक लेखा परीक्षक	:	मेसर्स सलारपुरिया जाजोदिया (चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स)
बैंकर्स	:	भारतीय स्टेट बैंक
पंजीकृत कार्यालय	:	प्लांट प्लाजा रोड, धुर्वा राँची – 834 004 (झारखण्ड)

वार्षिक आमसभा की सूचना

एतद् द्वारा हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 49वीं वार्षिक आमसभा सोमवार, दिनांक 29 सितम्बर 2008 को 11.30 बजे अपराह्न राँची स्थित इसके पंजीकृत कार्यालय में निम्नलिखित कारोबार के संपादन के लिए होगी :–

साधारण व्यवसाय

1. 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वर्ष के लिए शेयरधारकों हेतु निदेशकों के प्रतिवेदन को प्राप्त करना, विचार करना और स्वीकार करना।
2. 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कम्पनी के लाभ–हानि लेखा और उसी तिथि को तुलन–पत्र के साथ लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन और इस पर हमारे उत्तर को प्राप्त करना, विचार करना और स्वीकार करना।
3. वित्तीय वर्ष 2008–2009 के लिए कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(2) के तहत अंकेक्षक की नियुक्ति एवं सांविधिक अंकेक्षक के लिए पारिक्रमिक नियत करने हेतु निदेशक मंडल को प्राधिकृत करना।

बोर्ड के आदेशानुसार

ह0/–

(अभय कुमार कंठ)

कम्पनी सचिव

दिनांक : 03.09.2008

टिप्पणी : सभा में उपस्थित होने तथा मत देने के अधिकारिक कंपनी सदस्य अपने बदले में उपस्थित होने तथा मत देने के लिए प्रतिनिधि (प्रौक्सी) नियुक्त करने के लिए अधिकृत हैं और उक्त प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है।

निदेशकीय प्रतिवेदन

सेवा में,
शेयर धारकों
हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड

सज्जनों,

आपके निदेशक मंडल को 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वर्ष का अंकेक्षित लेखा सहित कंपनी की 49वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अपार हर्ष हो रहा है।

1. निष्पादन विशेषताएं

आपको सूचित करते हुए हमें अतीव प्रसन्नता हो रही है कि आपकी कंपनी ने समापन वित्तीय वर्ष में सराहनीय उन्नति की है। अपर्याप्त कार्यशील पूँजी के बावजूद पिछले वर्ष की तुलना में शुद्ध बिक्री में 37% तक वृद्धि होकर रु. 372.54 करोड़ एवं उत्पादन में 36.34% तक वृद्धि हो कर रु. 382.86 करोड़ तक इजाफा हुआ।

2. उत्पादन एवं बिक्री

वर्ष के निष्पादन आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में निम्नवत हैं :-

(रु. करोड़ में)

	2007-2008		2006-2007
	बजट	वास्तविक	वास्तविक
शुद्ध बिक्री	329.89	372.54	271.71
उत्पादन	333.14	382.86	280.81

3. वित्तीय परिणाम

(रु. करोड़ में)

	2007-2008		2006-2007
	बजट	वास्तविक	वास्तविक
सकल सीमान्त	30.00	35.24	27.51
ब्याज	24.00	27.47	21.32
मूल्य ह्रास	4.74	3.60	3.30
बी.आर.एस. व्यय के पूर्व	(+) 1.26	(+) 4.17	(+) 2.89
शुद्ध लाभ (+)/हानि (—)	—	—	0.03
बी.आर.एस. व्यय			
बी.आर.एस. व्यय के उपरांत	(+) 1.26	(+) 4.17	(+) 2.86
शुद्ध लाभ (+)/हानि (—)			
नगद उपार्जन (+)/हानि (—)	24.50	26.94	21.47

कंपनी की इक्विटी 31.03.2008 को विगत वर्ष के रु. 453.24 करोड़ के उसी स्तर पर स्थिर रही। वर्ष के दौरान कंपनी ने केन्द्र एवं राज्य राजकोष को पिछले वर्ष के रु. 52.30 करोड़ की तुलना में रु. 62.96 करोड़ का अंशदान किया।

4. विपणन कार्यकलाप

प्राप्त कार्यादेश एवं कार्यादेश की स्थिति

वित्तीय वर्ष 2007-08 के दौरान कंपनी ने रु. 396.56 करोड़ का कार्यादेश प्राप्त किया, जो वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य से 25.89% अधिक है।

कंपनी की कार्यादेश की स्थिति में 01.04.2008 के अनुसार अंतर प्लांट अंतरण छोड़कर रु. 681.27 करोड़ तक अभिवृद्धि हुई है।

अवधि के दौरान महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किये गये

- ➢ एचईसी एवं बीएसपी के बीच 17 अदद ईओटी क्रेन आपूर्ति के लिए औपचारिक समझौता पर हस्ताभर किये गये।
- ➢ एचईसी एवं बीएसएल के बीच 57 अदद ईओटी क्रेन की आपूर्ति के लिए औपचारिक समझौता किया पर हस्ताक्षर किये गये।
- ➢ एचईसी एवं डीएसपी के बीच 13 अदद क्रेन की आपूर्ति के लिए औपचारिक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।
- ➢ एचईसी एवं सेल के बीच में मेकेनिकल इक्वीपमेंट्स टेक्नोलोजिकल एण्ड विल्डिंग स्ट्रक्चर, ट्रांसफर कार, टारपिडो लैडल, रॉल्स आदि की आपूर्ति के लिए औपचारिक समझौता पर हस्ताक्षर किये गये।
- ➢ एचईसी एवं ट्रेफेल्गर/फाइन ओर टेक्नोलोजिस गुड़गाँव के बीच परियोजना हेतु संयुक्त बोली के लिए एमओयू किया गया जहाँ मेसर्स ट्रेफल्गर द्वारा प्रौद्योगिकी सहयोग की पहचान की जायेगी।

प्रोजेक्ट कार्यकलाप

फिलहाल प्रोजेक्ट डिवीजन एनसीएल सिंगरौली के लिए निगाही कोल हैण्डलिंग प्लांट (फेज-II पैकेज-बी) को टर्न की आधार पर कार्य निष्पादन कर रहा है। कुल मिला कर प्रोजेक्ट का कार्य निष्पादन साईट पर 82% से अधिक का हुआ है। वर्ष 2007-08 के दौरान रु. 50 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध रु. 65.02 करोड़ के उत्पादन अर्जित किया।

निकट भविष्य में महत्वपूर्ण कार्यादेश प्राप्त होने की संभावना है।

तुलन पत्र तिथि के उपरांत महत्वपूर्ण उपलब्धि

मेसर्स भेल के कास्टिंग एवं फोर्जिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप कार्य करने के लिए मेसर्स एचईसी एवं मेसर्स भेल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

रु. 1452 करोड़ राशि के तीन महत्वपूर्ण कार्यादेश अन्तर्राष्ट्रीय स्पर्द्धात्मक

बोली के विरुद्ध भिलाई स्टील प्लांट एवं राउरकेला स्टील प्लांट से प्राप्त हुए।

व्यापार परिदृश्य एवं भविष्य के आसार

फिलहाल भारतीय अर्थव्यवस्था में एक जबरदस्त गतिशीलता आई है। भारत सरकार के पास आधारभूत संरचना एवं संचार सुविधा के विकास के लिए रु. 150,000 करोड़ से भी अधिक निवेश करने का प्रस्ताव है। ऐसे परिदृश्य में भारतीय इस्पात उद्योग निरंतर विकास के पथ पर गतिमान होगा। तद्नुसार घरेलू इस्पात उद्योग में प्रति वर्ष 2012 तक 10 से 12% की दर से इजाफा होने की संभावना है। ग्लोबल इस्पात उद्योग में तेजी जारी रहने की वजह से सभी मुख्य इस्तापत उत्पादक यथा सेल, टिस्को, जिंदल, मित्तल, एस्सार आदि कंपनियों के पास 2012 तक रु. 2,77,000 करोड़ एवं 2020 तक रु. 8,70,000 करोड़ अपने आधुनिकीकरण एवं विस्तारीकरण योजना में भारी पूँजी निवेश करने का प्रस्ताव है।

उपर्युक्त निवेश आसार, पूँजीगत उपकरणों की आवश्यकता पुराने प्लांटों एवं उपकरणों की पुनर्मरम्मती के साथ फोर्ज्ड रॉल्स, अतिरिक्त पुरजों के नियमित आवश्यकता के मद्दे नजर इस्पात क्षेत्र में व्यापार की वृद्धि की पूरी संभावना है।

इसी तरह मुख्य कोयला उत्पादकों ने कोयले की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खदानों के विकास हेतु बड़ी मात्रा में निवेश करने की योजना तैयार की है। कोल इंडिया के पास 11वीं पंच वर्षीय योजना में रु. 18000 करोड़ की राशि निवेश करने का प्रस्ताव है। सीआईएल की अनुषंगी इकाइयां एवं एससीसीएल, एनएमडीसी एवं सेल खदानों से भारी संख्या में हेवी अर्थ मूविंग मशीन की मांग होगी।

इसके अलावे आपकी कंपनी सामरिक तथा रक्षा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी को उम्मीद है कि इसरो, वीएसएससी, रक्षा यूनिट, कॉफमॉव आदि से नये मशीन टूल्स के लिए मेकेनिकल पैकेज एवं उच्च कीमत के और अधिक कार्यादेश प्राप्त होंगे। अतएव कंपनी का भविष्य उज्जवल है।

5. बी.आइ.एफ.आर. एवं पुनरुत्थान पैकेज

कंपनी एवं भारी उद्योग विभाग (डीएचआई), भारत सरकार ने बीआईएफआर द्वारा कंपनी को बंद करने के पारित आदेश पर रोक लगाने के लिए एएआईएफआर में अलग-अलग याचिका दायर की है। चूँकि उस समय एएआइएफआर में कोई बेंच कार्यरत नहीं था, इसलिए कंपनी ने बी.आई.एफ.आर. द्वारा पारित बंदी के आदेश को रद्द करने के लिए माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। तबसे इस संबंध में माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में अनेक बार सुनवाई होती रही है।

कंपनी द्वारा पुनरुत्थान पैकेज लोक उद्यम पुनर्निर्माण बोर्ड (बी.आर.पी.एस.ई.) के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है। बीआरपीएसई ने इस पर विचार-विमर्श कर अक्टूबर, 2005 में कंपनी के पुनरुत्थान प्रस्ताव मंजूर करने के लिए संस्तुति की है जिसमें व्याज एवं गैर योजनागत ऋण को माफ करना, योजनागत ऋण को इक्विटी में बदलना, रु. 102 करोड़ का गैर योजनागत ब्रिज लोन, कंपनी द्वारा अपने संसाधन से लगभग रु. 330 करोड़ की उगाही राज्य सरकार / आवासीय कर्मचारी, पूर्व कर्मचारी को आवासीय / गैर आवासीय भवनों का हस्तांतरण / लीज, संस्थागत परिसर को लीज पर देकर उगाही करने की योजना एवं सीआईएसएफ तथा राज्य सरकार को जमीन हस्तातंरण कर बकाया का निपटान करना शामिल है। दिसम्बर 2005 में कैबिनेट ने बीआरपीएसई की सिफारिशों का अनुमोदन किया है। कैबिनेट द्वारा पारित सिफारिशों को माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय में विचारार्थ प्रस्तुत किया गया है।

तदुपरांत झारखण्ड सरकार ने हलफनामा दायर कर आवासीय / गैर आवासीय विल्डिंग एवं खाली जमीन को अधिग्रहण करने के लिए अपनी रजामंदी प्रदान की तथा इसके बदले विद्युत, जल एवं विक्री कर के मद में बकाया राशि को छोड़ देने को कहा और पुनरुत्थान प्रक्रिया में यथोचित मुआवजा देने की पेशकश की।

अप्रैल 2007 के तीसरे सप्ताह में झारखण्ड सरकार ने माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के फरवरी 2007 के आदेश के विरुद्ध जमीन से संबंधित मुद्दे को लेकर एलपीए दायर मई 2007 में मेसर्स एचईसी द्वारा झारखण्ड सरकार को हस्तांतरण की जानेवाली जमीन की प्रमात्रा (रकबा) पर पुर्नविचार करने एवं एचईसी को सहायता उपलब्ध कराने वास्ते राज्य सरकार को अनुरोध किया गया। झारखण्ड सरकार ने सिद्धान्त: जमीन की रकबा पर पुनर्विचार एवं एचईसी को मदद देने के लिए अपनी सहमति दी।

इसी बीच केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा सितम्बर 2008 में पुनरीक्षित पुनरुद्धार प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा झारखण्ड सरकार का अंतिम प्रस्ताव प्रतीक्षित है।

6. संरक्षा, पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण

आपकी कम्पनी सदैव अपने कामगारों के व्यावसायिक संरक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देती हैं। कर्मचारियों के बीच संरक्षा चेतना जागृत करने वास्ते बहुतेरे प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित किये गये। सम्पूर्ण चिकित्सीय परीक्षण नियमित रूप से सांविधिक मानक के अनुरूप निष्पादित किये गये। संरक्षा उपस्करों जैसे विभिन्न प्रकार के हैण्ड ग्लोब्स, चश्मा, सुरक्षित लिवास, सेफ्टी हेल्मेट्स, सैफ्टी बेल्ट्स, शूज आदि कर्मचारियों को मुहैया कराये गये। राष्ट्रीय संरक्षा दिवस एवं एचईसी संरक्षा सप्ताह सभी यूनिटों के द्वारा आयोजित किये गये।

कम्पनी पर्यावरण प्रदूषण से समझौता नहीं करती है, अतएव प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी प्रकार की सावधानियों के विस्तृत व्योरे निम्नानुसार है।

- सभी सांविधिक अपेक्षाओं जो वायु (निवारण एवं प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, जल (निवारण एवं प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम में उल्लिखित है, का अनुसरण किया जा रहा है।

- राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद द्वारा चालू प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित उल्लिखित नियम-शर्तों का अनुसरण किया जा रहा है।

- प्रदूषित जल का नमूना संग्रह कर इसकी नियमित जांच की जा रही है, प्रदूषित जल को नियमानुसार ट्रीटमेंट करने के उपरांत ही छोड़ा जाता है।

- आसपास की हवा की जांच नियमित रूप से की जाती है ताकि वायु प्रदूषण का स्तर पता चल सके।

7. मानव-शक्ति की स्थिति

कंपनी की मानव शक्ति 1.4.2007 के 3330 की तुलना में 01.04.2008 को 2993 हो गई।

8. औद्योगिक संबंध

समीक्षा अवधि के दौरान औद्योगिक संबंध की स्थिति आमतौर पर सामान्य रही। हालांकि विभिन्न ट्रेड यूनियनों एवं संघों द्वारा अपनी मांगों खासकर 01.01.1997 से वेतन पुनरीक्षण एवं सेवानिवृत्ति की आयु में 58 वर्ष से 60 वर्ष तक वृद्धि के लिए गेट सभा एवं आम सभा आहूत की गई।

मृत कर्मचारियों के आश्रितों द्वारा लगातार मुख्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष निगम में नियोजन के लिए अनिश्चितकालीन धरना के कार्यक्रम जारी है।

9. कर्मचारी – कल्याण एवं सामुदायिक विकास

1. कंपनी 250 वेडयुक्त एवं 12 अदद मुख्य स्पेशलिटीयुक्त पूर्ण विकसित अस्पताल का संचालन करती है। कंपनी के कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों का नि:शुल्क इलाज होता है साथ ही रेफर करने लायक केश को बाह्य सम्बद्ध हॉस्पिटल में भी रेफर किया जाता है। सेवानिवृत कर्मचारी उनकी पत्नी या पति को भी अस्पताल में उपलबद्ध सुविधा तक नि:शुल्क इलाज किया जाता है। वर्ष के दौरान अस्पताल द्वारा संचालित जन स्वास्थ्य तथा सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की विशिष्ट उपलब्धियाँ निम्नवत है :-

(अ) बीसीजी, पोलियों, डीपीटी, खसरा, टीवी, डीटी एवं कुत्ता काटने के बचाव के लिए प्रतिरक्षण कार्यक्रम संचालित किये गये।

(ब) कर्मचारी उनकी पत्नी या उनका पति के साथ-साथ अन्य अपात्र व्यक्तियों का भी परिवार कल्याण ऑपरेशन निष्पादित किये गये।

(स) जन साधारण को सांविधिक प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई ताकि कंपनी की अच्छी तस्वीर बन सके।

2. कंपनी ने अपने कर्मचारियों को अनुदानित दर पर आवास एवं कैंटीन की सुविधा कराई है साथ ही अपने कर्मचारियों एवं पूर्व कर्मचारियों को चयनित क्षेत्र में दीर्घकालीन लीज पर मकान भी उपलब्ध कराये गये।

10. मानव संसाधन विकास

आईएसओ 9001:2000 प्रमाणीकरण कंपनी होने के नाते हम मानव संसाधन के प्रशिक्षण एवं प्रेरणा के लिए सदैव विशिष्ट ध्यान देते हैं जिसमें कामगार, पर्यवेक्षक एवं अधिकारी सम्मिलित हैं। मानव संसाधन के प्रशिक्षण एवं विकास एक निरंतर प्रक्रिया है। अब मानव संसाधन के प्रशिक्षण एवं प्रेरणा से संबंधित भारत सरकार के साथ हस्ताक्षरित औपचारिक सहमति पत्र (एमओयू) के वार्षिक निगमित निष्पादन में यथार्थ रूप से महत्व प्रदान किया गया है।

मानव संसाधन विभाग ने पूरे वित्तीय वर्ष में अपने नियमित कामगारों एवं पर्यवेक्षकों के लिए कंपनी विशिष्टता के अनुकूल तकनीकी एवं कौशल विकास कार्यक्रम (टीएसडीपी) का आयोजन किया है, जिसमें बहुतेरे विषय यथा : तकनीकी, व्यवहार, मनोवृति बदलाव, संरक्षा एवं पर्यावरण, स्वास्थ्य और स्वच्छता श्रम विधान, गुणवत्ता पूर्ण जीवन आदि पर प्रशिक्षण एवं प्रेरणा कार्यक्रम संचालित किये गये है।

मानव संसाधन विभाग ने पूरे वित्तीय वर्ष में अपने यहाँ एवं वाह्य संस्थानों में भी अपने भावी अधिकारियों के लिए प्रबंधकीय, विधान, व्यवहार, गुणवत्ता, संरक्षा एवं पर्यावरण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, प्रशासकीय, सतर्कता, कार्यात्मक, सामान्य एवं सामरिक प्रबंधन के नवीनतम विकसित अवधारणा से संबंधित अपनी आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण एवं प्रेरणा कार्यक्रम (टीएमटी) संचालित किये हैं।

इसके अतिरिक्त एचआरडी ने तकनीकी ट्रेडों में पुनश्चर्या प्रशिक्षण, तकनीकी व्यवसायों में शिल्प प्रशिक्षण (आईटीआई के समकक्ष), स्नातक अभियंताओं के लिए प्रशिक्षु प्रशिक्षण, आईटीआई एवं मैट्रिकुलेशन प्रशिक्षु के कार्यक्रम का आयोजन किया है। एचआरडी ने छोटे उत्पादन, रिपेयर मेन्टिनेंस कार्यकलापों में प्लांट/यूनिट को मदद पहुँचाई। मानव संसाधन विभाग ने शॉप फ्लोर में मल्टी ट्रेड को बढ़ावा देने के लिए मल्टी ट्रेड प्रशिक्षण को भी लागू किया है। इसके साथ-साथ एचआरडी ने प्रशिक्षणार्थियों से फीस एवं उत्पादन करा कर राजस्व भी उपार्जित किया है।

11. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति की स्थिति

कंपनी में कार्यरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की संख्या 1.4.2008 के अनुसार 813 (अनुजाति-297 एवं अनु. जन जाति-534) है, जो कुल मानव शक्ति का 27.76% (अनुजाति-9.92% एवं अनु. जन जाति 17.84%) है।

12. हिन्दी के प्रगामी प्रयोग

वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गये है :

1. अंग्रेजी टंककों एवं आशुलिपिकों को हिन्दी टाइप लेखन एवं हिन्दी आशुलेखन का प्रशिक्षण दिया गया है। कार्यालयी कार्य के निष्पादन के लिए सभी कर्मचारियों को हिन्दी के कार्यसाधक ज्ञान प्रदान करने के लिए गहन प्रशिक्षण के कार्यक्रम संचालित किये गये।

2. निगम के 7 मैनुअल एवं 323 प्रपत्र द्विभाषी में उपलब्ध हैं। राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन किया गया, इसके अन्तर्गत विभिन्न

प्रकार की प्रतियोगिताएं यथा : निबंध लेखन, भाषण, काव्य पाठ, टिप्पण/प्रारुपण, हिन्दी टंकण के साथ-साथ राजभाषा शील्ड एवं हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया। विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया गये। कर्मचारियों के लाभार्थ दो हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई।

3. वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक नियमित रूप से आयोजित की गई। राजभाषा नीति के कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जांच बिन्दु बनाये गये हैं और कार्यान्वयन में पाई गई कमियों/त्रुटियों की ओर विभागाध्यक्षों का ध्यान आकृष्ट किया गया। राजभाषा से संबंधित दिशा निर्देशों का परिचालन कर दृढ़ता के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निदेश जारी किये गये।

13. अनुषंगी एवं लघु इकाइयों का विकास

आपकी कंपनी अपने सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए हमेशा सचेष्ट रही है इसने औद्योगिक वातावरण को विकास कर यहाँ के अगल-बगल की जनसंख्या के लिए अप्रत्यक्ष नियोजन के अवसर बढ़ाये हैं इसके अलावे लघु उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन भी दिये है। इस मूलभूत उद्देश्य की पूर्ति के लिए 1968 में एचईसी ने अपने वर्क्स के 5 कि.मी. की दूरी पर तुपुदाना में अनुषंगी क्षेत्र की स्थापना की है। लघु उद्योग इकाइयों को राज्य सरकार की मदद से भूमि आवंटित की गई एवं राँची औद्योगिक विकास प्राधिकरण (आरआईडीए) की सम्बद्धता से इन यूनिटों के विकास की प्रक्रिया में तेजी आई तथा इन्हें वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्पर्द्धात्मक बनाया गया। एचईसी ने इन यूनिटों को निम्नानुसार मदद की :-

(i) भवनों का निर्माण एवं फैक्टरी कनेक्शन मुहैया कराना।

(ii) प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन मुहैया कराना।

(iii) बैंक से ऋण की व्यवस्था कराना।

(iv) आरंभिक अवस्था में इन पुट मैटेरियल उपलब्ध कराया गया ताकि अनुषंगी इकाइयों पर बोझ की कमी हो।

(v) सम्बद्ध निर्माण प्रौद्योगिकी उपलब्ध कराई गई एवं तकनीकी समस्याओं के निवारण में मदद पहुचाई गई।

(vi) कार्य पर व्यक्तियों को प्रशिक्षित करना।

अभी हाल में झारखण्ड लघु उद्योग संघ, राँची, बोकारो चैम्बर ऑफ कॉमर्स, एचईसी एन्सीलरी एसोसियशन एवं आदित्यपुर स्मॉल स्केल इण्डस्ट्रीज के प्रतिनिधियों के साथ 16 अप्रैल 2008 को कार्य क्षेत्र में वृद्धि एवं एचईसी के विकास के अनुरूप अन्य क्षेत्रों में प्रवेश से संबंधित विन्दुओं पर विचार विमर्श हेतु एक बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक आपसी सहयोग के लिए उपाय एवं साधन बिन्दु पर आयोजित की गई जिसमें दोनों पक्ष को फायदा होगा साथ ही झारखण्ड राज्य के औद्योगिक विकास में अनुषंगी तथा लघु उद्योग इकाइयों के योगदान पर चर्चा की गई।

14. सतर्कता कार्यकलाप

एचईसी के सतर्कता संगठन मुख्यालय स्थित पूर्णकालिक वाह्य मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पी. के. सिद्धार्थ 1981 बैच के आइपीएस के पूर्णरूपेण सभी प्रकार के प्रशासनिक एवं कार्यत्मक नियंत्रणाधीन है। प्रभावशाली प्रबंधन एवं सतर्कता निवारण के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। 71 औचक निरीक्षण एवं 35 नियमित निरीक्षण किये गये साथ ही करीब-करीब 7 चिह्नित संवेदनशील क्षेत्रों समेत लगभग सभी मुख्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। विभाग ने 3 लघु कार्यवाहियों को पूरा किया। सम्मत सूची एवं संदिग्ध निष्ठा सूची को विभाग ने तैयार किया है। सतर्कता विभाग ने कंपनी के पुनरुद्धार में रचनात्मक भूमिका अदा की है, सभी के सकारात्मक प्रयास से अच्छा परिणाम प्राप्त हुआ है।

वर्ष के दौरान 88 शिकायतों पर ध्यान दिया गया। प्रभावशाली प्रबंधन के लिए सतर्कता विभाग द्वारा 16 अदद पाठ्यक्रम संचालित किये गये। 23 कर्मचारियों को संवेदनशील विभागों से जॉब रोटेशन के तहत स्थानांतरित किया गया। विभाग द्वारा 300 वार्षिक सम्पत्ति रिटर्न की संवीक्षा की गई। निविदा एवं संविदा से संबंधित सूचनाएं नियमित रूप से कंपनी की वेबसाइट पर बेहतर पारदर्शिता एवं भ्रष्टाचार में कमी वास्ते दी गई। सतर्कता जागरुकता सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों को शामिल किया गया और भ्रष्टाचार तथा उसके निराकरण विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके साथ-साथ प्लांटों ने अपने कार्यपालकों के लिए सतर्कता से संबंधित सुक्ष्मग्राहिता सत्र का आयोजन किया। सर्तकता विभाग ने कंपनी को बिक्री आधार की मजबूती प्रदान करने में प्रतिस्पर्द्धात्मक लाभ वास्ते मदद की। सीआईएसएफ एवं प्लांट प्रमुख के पारस्परिक विचारोपरांत व्यर्थ वस्तुओं के निपटान एवं बहुमूल्य मिश्रित सामग्री के नियंत्रण के प्रभावशाली प्रबंधन के लिए एक प्रक्रिया अपनाई गई ताकि निगम के व्यय में कमी लाई जा सके और कमियों/त्रुटियों को दूर करने के लिए कदम उठाये जा सके।

15. गुणवत्ता नियंत्रण

आपकी कंपनी अपने उत्पादों की गुणवत्ता से कभी भी समझौता नहीं करती है। ग्राहकों की भरपूर संतुष्टि के मद्दे नजर कंपनी ने अपने उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए अनेक उपाय किये हैं। उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता के मानकों को प्रासंगिक भारतीय मानकों एवं आईएसओ 9001:2000 के अनुरुप अपनाया जा रहा है।

आईआरक्यूएस द्वारा पुनप्रमाणीकरण अंकेक्षण निष्पादित किया गया और आईएसओ 9001-2000 का प्रमाणीकरण सभी तीनों प्लांटों यथा : एफएफपी, एचएमबीपी एवं एचएमटीपी को प्राप्त हुआ और प्रमाण-पत्र नवम्बर 2008 तक वैद्य है।

16. ऊर्जा अंकेक्षण

ऊर्जा अंकेक्षण सीमित स्तर पर पेट्रोलियम कंजरवेशन रिसर्च एसोसियेशन (पीसीआरए) द्वारा वर्तमान समय में हीट ट्रीटमेंट/री हीटिंग फर्नेस के लिए उपयोग की जा रही प्रोड्यूसर गैस के अलावे अन्य वैकल्पिक इंधन के प्रयोग पर अध्ययन के उद्देश्य से फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट के मुख्य छह फर्नेसों के निष्पादन विश्लेषण के उपरांत सम्पन्न किया गया। यह अनुशंसा की गई कि प्रोड्सूयर गैस से ही फर्नेस संचालित किया जाये क्योंकि यह बहुत ही मितव्ययी एवं बाजार में उपलब्ध है। हालांकि पीसीआरए ने बेहतर तापीय दक्षता एवं मितव्ययिता हेतु फर्नेस संचालन के लिए प्रोड्यूसर गैस प्लांट में कुछ सुधार एवं आधुनिकीकरण करने का भी परामर्श दिया है। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

17. अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी-समावेशन, रूपान्तरण, नवीनीकरण तथा ऊर्जा संरक्षण

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217(1) तथा कम्पनी (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में व्यौरों का खुलासा) नियमावली 1988 की अपेक्षानुसार अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी-समावेशन, रूपान्तरण, नवीनीकरण के साथ-साथ ऊर्जा-संरक्षण के व्यौरे अनुलग्नक ''अ'' में उल्लिखित हैं।

18. निदेशकीय दायित्व के ब्योरे

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2) के तहत अपेक्षा के अनुसरण में निदेशकीय दायित्व के ब्योरों को एतद् द्वारा पुष्टि की जाती है कि :

1. 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखा की तैयारी में विशिष्ट विभिन्नताओं से संबंधित समुचित स्पष्टीकरण सहित उपयुक्त लेखा मानकों का अनुसरण किया गया है।
2. निदेशकों ने ऐसे न्यायसंगत लेखानीति का चयन कर अनुमान लगाया है कि लेखा युक्ति संगत और विवेकपूर्ण हो और समीक्षा वर्ष के दौरान कंपनी की स्थिति सत्य एवं उचित प्रतीत हो सके।
3. निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अनुसार कंपनी की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमिताओं के निवारण एवं खोज के लिए यथेष्ट अभिलेख के अनुरक्षण हेतु उपयुक्त एवं पर्याप्त ध्यान दिया है।
4. निदेशकों द्वारा 31 मार्च, 2008 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के वार्षिक लेखा को सुनाम संस्थान के आधार पर तैयार किया गया है।

19. विदेशी मुद्रा

वर्ष के दौरान रु. 31.21 करोड़ विदेशी मुद्रा का व्यय हुआ।

20. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) के अधीन सूचना

किसी भी कर्मचारी को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 217(2ए) के अधीन 31 मार्च 2008 को समाप्त हुए वर्ष के दौरान यथा निर्धारित सीमा से अधिक का पारिश्रमिक भुगतान नहीं किया गया। यह कंपनी (कर्मचारियों के ब्योरे) नियमावली, 1975 के साथ पठनीय है।

21. सांविधिक लेखा परीक्षक

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्तीय वर्ष 2007-2008 के लिए मेसर्स सलारपुरिया जाजोदिया एण्ड कं., चार्टर्ड एकाउन्टेंट, पटना को कंपनी के एकल सांविधिक लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। 48वी. वार्षिक सामान्य बैठक में शेयर धारकों द्वारा प्राधिकृत, निदेशक मंडल ने वर्ष 2007-2008 के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक का पारिश्रमिक रु. 1,44,000/- रु. (एक लाख चौवालीस लाख) मात्र निर्धारित किया है।

22. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा सांविधिक लेखा परीक्षक की टिप्पणियां एवं उस पर प्रबंधन के उत्तर

31.03.2008 को समाप्त हुए वर्ष के कंपनी के लेखा पर, कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ लेखा की समीक्षा, सांविधिक लेखा-परीक्षक का प्रतिवेदन और इन टिप्पणियों तथा प्रतिवेदन पर प्रबन्धन के उत्तर अनुलग्नक ''स'' पर प्रस्तुत है।

23. निदेशक मंडल

वर्ष के दौरान एचईसी के बोर्ड में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एवं निदेशक (कार्मिक) के अलावे दो अंशकालीन अधिकारिक निदेशक तथा एक अंशकालिक गैर आधिकारिक निदेशक थे तदुपरांत निदेशक (वित्त), निदेशक (विपणन) और निदेशक (उत्पादन) ने भी कार्यग्रहण किया।

वर्ष के दौरान श्री एन गोकुलराम एवं श्री एस. सिद्धार्थ निदेशक पद से मुक्त हुए। एचईसी लि. के निदेशक मंडल में निदेशक के रूप में कार्यरत श्री एन. गोकुलराम तथा श्री एस. सिद्धार्थ अपने कार्यकाल के दौरान किये गये उल्लेखनीय कार्य एवं बहुमूल्य सेवाएँ के लिए बोर्ड उन्हें भूरि-भूरि प्रशंसा करता है।

24. अंकेक्षण कमेटी

श्री वी. के. श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, मेसर्स बोकारो स्टील प्लांट बोकारो की अध्यक्षता में 13.09.2006 को बोर्ड की 265वीं बैठक में अंकेक्षण कमेटी पुनर्गठित की गई। अंकेक्षण कमेटी की मात्र एक बार 30.08.2007 को बैठक सम्पन्न हुई।

25. आभारोक्ति

बोर्ड कंपनी के सम्मानीय ग्राहकों के प्रति उनके समर्थन एवं विश्वास के लिए सधन्यवाद आभार व्यक्त करता है और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है।

बोर्ड कंपनी के पुनरुद्धार योजना की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार के बहुतेरे मंत्रालय, खासकर भारी उद्योग विभाग एवं झारखण्ड सरकार द्वारा प्रदत्त समर्थन एवं दिशा निर्देशों के लिए कृतज्ञता ज्ञापन करता है। कंपनी तकनीकी सहयोगकर्त्ताओं, आपूतिकर्त्ताओं, बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करती है। निदेशकगण भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) एवं सांविधिक लेखा परीक्षक को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। अंत में बोर्ड एचईसी परिवार के सभी सदस्यगण के प्रति एहसानमन्द है क्योंकि उनके उत्साह, धैर्य, प्रतिबद्धता और सहयोग के बिना कंपनी अग्रसर नहीं होती और न नई ऊँचाइयों को छूती।

निदेशक मंडल की ओर से

ह./

(जी. के. पिल्लई)

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

अनुलग्नक–अ

अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी समावेशन, रुपान्तरण, नवीनीकरण तथा ऊर्जा संरक्षण

1. **अनुसंधान एवं विकास कार्यकलाप**

वर्ष के दौरान कंपनी अपनी प्रौद्योगिकी को विकसित एवं उन्नत बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रही है :-

(अ) कंपनी द्वारा निष्पादित अनुसंधान एवं विकास कार्यकलाप के विशिष्ट क्षेत्रों के ब्यौरे निम्नवत है :-

(i) सीएनसी डीप होल बोरिंग मशीन मॉडल : बीडीएच 140 एन / 12 एम - एमएसएफ इच्छापुर हेतु

मशीन का डिजाइन 110 एमएम डाया के सॉलिड ड्रिलिंग एवं 300 एमएम से 12000 एमएम तक कांउटर बोरिंग, 400 बीएचएन हार्डनेश के इंगॉट्स / स्लैग / फोर्जिंग में बोरिंग डेप्थ तैयार किया गया है। मशीन में स्विंग ओवरवेड 1400 एमएम, 100 के डब्लू एसी स्पिंडल मोटर, स्पिंडल आरपीएम 800 और अधिकतम 16 के एनएम स्पिंडल टॉक उपलब्ध है। 100 के एनएम के कॉन्टैक्ट प्रेसर गाइड गैरेज द्वारा उपलब्ध किया जा सकता है और 100 से 1300 लीटर तक कुलेंट मशिनिंग के दौरान आपूर्ति की जा सकती है। मशीन के सभी कार्य सिनुमेरिक 840 डी सिस्टम के द्वारा है। 3 अदद जॉब स्टीडिज एवं 4 अदद बोरिंग बार स्टीडिज में एसी सर्वोमोटर ड्राइव उपलब्ध कराया गया है।

(ii) सीएनसी डबल कॉलम वर्टिकल टर्निंग एण्ड बोरिंग मशीन मॉडल : बीवी 40/50 एनएम-बीएसएससी त्रिवेन्द्रम हेतु 2 रैमहेड्स के साथ 6-एक्सिस सीएनसी डबल कॉलम वर्टिकल टर्निंग एवं बोरिंग मशीन मॉडल बीवी 40/50 एनएम का डिजाइन 50 आरपीएम तक टेबल के हायर स्पीड के लिए लार्ग साइज रॉलर थ्रस्ट बियरिंग के साथ 4000 एमएम टेबल डाया सहित किया गया है। मशीन की इंजीनियरिंग सेटेलाइट लांच वेहिकल के लिए एस 139 और एस 200 नोजल्स के लिनर्स तथा सब एसेम्बली के निर्माण के लिए की गई है। दो रैम हेड्स 6000 केजी तक भारी कटिंग फोर्सेज का सामना कर सकता है। लेफ्ट रैम हेड में मिलिंग ऑपरेशन के लिए लाइव स्पिंडल है और राइट रैम हेड हाई स्पीड इलेक्ट्रो स्पिंडल के साथ सुसज्जित है जिसमें 21000 आरपीएम संलग्न है। ए 12 स्टेशन ऑटोमेटिक टूल चेंजर राइट रैम हेड के लिए भी उपलब्ध कराया गया है। मिलिंग फीड के लिए सी-एक्सिस मॉड में मशीन टेबुल रॉटेट कर सकता है। लेफ्ट हेड बी-एक्सिस के साथ सुसज्जित है जो लाइव स्पिंडल से ड्राइव लेता है। वर्क पीस के लिए ऑन लाइन मेजरमेंट सिस्टम भी मशीन उपलब्ध कराया गया है। मशीन सिमेंस से नवीनतम सीएनसी सिस्टम सिनुमेरिक 840 डी के साथ सुसज्जित है।

(iii) सीएनसी सिंगल कॉलम वर्टिकल टर्निंग एण्ड बोरिंग मशीन मॉडल बीवी 555/70 एनएम-एचएएल बंगलोर के लिए

मशीन का डिजाइन एचएएल बंगलोर के लिए 5500 एमएम टेबुल डाया हेतु 7000 एमएम डाया के अधिकतम टर्निंग के साथ किया गया है, मशीन में नई विशेषताएँ हैं जैसे पोजिशनिंग के लिए सी-एक्सिस के साथ-साथ 3रा फीड एक्सिस, टेबुल हाइड्रोलिक क्लैम्पिंग, कॉलम एण्ड क्रॉस रेल, 6000 एमएम/मिनट के हायर रैपिड ट्रैवर्स रेट, ऑन लाइन डायमीटर मेजरिंग सिस्टम, कुलेंट एरेंजमेंट के द्वारा इलेक्ट्रो स्पिंडल के पार्किंग स्टेशन, हाई स्पीड यूनिवर्सल मिलिंग एटैचमेंट, 12 स्टेशन ऑटोमेटिक टूल चेंजर, ऐंगुलर मिलिंग एटैचमेंट, सिनुमेरिक 840 डी सीएनसी सिस्टम। मशीन का डिजाइन अनन्त वेरियबुल टेबुल स्पीड, एक साथ-2-एक्सिस फीड, एकुरेट पोजिशनिंग एवं कंट्रॉल और इन प्रोसेस मेजरिंग के सहित किया गया है।

(ब) आयात प्रतिस्थापन प्रयास

(i) सॉफ्ट आयरन शैकर बॉडी एसेम्बली की फोर्जिंग, मशीनिंग, फैवरिकेशन एण्ड एसेम्बली - विक्रम सारा भाई स्पेस सेंटर हेतु।

(ii) सीएनसी डीप होल बोरिंग मशीन मॉडल बीडीएच 140 एन/12 एम - एमएसएफ इच्छापुर हेतु।

(iii) सीएनसी डबल कॉलम वर्टिकल टर्निंग एवं बोरिंग मशीन मॉडल : बीवी 40/50 एनएम-वीएसएससी त्रिवेन्द्रम हेतु।

(iv) सीएनसी सिंगल कॉलम वर्टिकल टर्निंग एवं बोरिंग मशीन मॉडल बीवी 555/70 एनएम-एचएएल बंगलोर हेतु।

(स) प्रौद्योगिकी समावेशन, रुपान्तरण तथा नवीनीकरण

(i) पूर्व के सहयोग से प्राप्त प्रौद्योगिकी को पूर्णतः आत्मसात किया गया। नई विशेषता यथाः पीएलसी आधारित इलेक्ट्रीक कंट्रॉल्स, एसी सर्वोमोटर, एसी स्पिडंल मोटर्स, सेंट्रलाइज्ड ल्यूबिरिकेशन सिस्टम, गाइड वेज कवर्स, बेलोज, अटोमेटिक टूल क्लैम्पिंग सिस्टम, हाइड्रोलिक / न्यूमेटिक क्लैम्पिंग स्पलैस गार्डस् को पुरातन सहयोग मॉडल में क्रियान्वित किया गया। नई मशीन उपर्युक्त उल्लिखित नवीनतम विशेषता के साथ अधिग्रहित एवं विकसित की गयी ताकि विश्व बाजार में मशीन टूल्स के क्षेत्र में नवीनतम विशेषता के साथ कदम रखा जा सके।

(ii) उन्नत उत्पाद वास्तविक माँग के मुताबिक ग्राहकों को प्रस्ताव दिया और सार्वभौमिक, प्रतिस्पर्द्धा में कार्यदेश प्राप्त किया गया। निरंतर अनुसंधान एवं बेहतर प्रौद्योगिकी अभिग्रहण और उपस्करों में न्यूनतम रिजेक्शन के माध्यम से लागत में कमी लाकर उत्तम उत्पाद के लिए लगातार प्रयोग निष्पादित किये जा रहे हैं।

(द) ऊर्जा संरक्षण

वर्ष के दौरान ऊर्जा संरक्षण के लिए उठाये गये महत्वपूर्ण कदम निम्नानुसार हैं :-

- ऊर्जा की अधिकतम माँग में उचित लोड प्लानिंग के द्वारा कमी लाना।
- उच्च ऊर्जा दक्षता के प्रेसर सोडियम वेपर लैंप / ट्यूब लाइट्स का उपयोग करना।
- एलपीजी की जगह प्रोड्यूसर गैस का उपयोग।
- स्टैटिक ट्रान्सफारमर्स एवं रेक्टिफायर्स के उपयोग द्वारा एम जी सेट का प्रतिस्थापन।
- फर्नेस में सेरामिक लाइनिंग उपलब्ध कराकर तथा इलैक्ट्रिक पिट फर्नेस में प्रोग्रामयुक्त कन्ट्रॉलर स्थापित कर इंधन खपत में कमी लाना।
- मैल्टिंग फर्नेस आदि के लिए हीट साइकिल टाइम में कमी लाना।
- कम्प्रेसर एयर के अधिकतम उपयोग हेतु कम्प्रेसर यूनिट का प्रचालन एक ही समय करना।
- प्रकाश के लिए सूर्य की रोशनी के उपयोग हेतु प्रोड्क्शन शॉप की छत में पारदर्शी शीट लगाना।

वर्ष के दौरान उपर्युक्त उठाये गये कदमों से पिछले वर्ष की तुलना में प्रत्यक्ष उत्पादन के प्रति एम.टी. ऊर्जा की खपत में काफी गिरावट आई है जिसे नीचे दर्शाया गया है :-

ऊर्जा के प्रकार	प्रति एमटी उत्पादन में यूनिट की खपत	
	2007-2008	2006-2007
बिजली (कैडब्लूएच)	2695.45	2709.68
कोल (एमटी)	4.32	4.30
डीजल (लिटर)	18.93	19.66

अनुलग्नक–ब

निगमित शासन की रिपोर्ट

(31.03.2008 के अनुसार)

निदेशकगण निगमित शासन से संबंधित कंपनी के कार्यकलाप प्रस्तुत करते हैं

शासन कोड से संबंधित निगमित मुख्य उद्देश्य

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी लि.) अपने व्यापारिक कार्यकलापों पर विशेष ध्यान देता है और कंपनी से संबंध रखने वाले सारे लोगों को उचित सम्मान भी देता है यथा – ग्राहकगण, सप्लायर्स, भारत सरकार, भारी उद्योग मंत्रालय, लोक उद्यम विभाग, बहुतेरे राज्य सरकारें अन्य सरकारी एजेंसी / विभाग एवं बड़े पैमाने पर समाज। अनिवार्य रूप से बेहतर शासन प्रदान करता है। एचईसी को पारदर्शिता, जवाबदेही एवं उपक्रम की समृद्धि में पूरा विश्वास है। एचईसी को प्रतिबद्धता के साथ निष्ठा पूर्वक कार्य सुनिश्चित करते हुए घरेलू ग्राहकों के साथ–साथ अन्तरराष्ट्रीय ग्राहकों के बीच में भी अपनी खास पहचान दिलानी है।

एचईसी सभी प्रकार के कानून का अनुसरण करती है एवं स्वस्थ स्पर्द्धा में विश्वास करती है तथा प्रबंधन की नीतियाँ / निर्णय को प्रभावशाली ढंग से मॉनिटर करती है और अपनी रणनीति को क्रियान्वित करती है। कंपनी के उद्देश्य की पूर्ति के लिए वरीय प्रबंधन की जिम्मेवारी है।

एचईसी लेटर और स्पिरिट द्वारा बेहतर निगमित शासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्प्रिरिट ऑफ कोड के मद्दे नजर कंपनी अधिनियम, 1956 के अनुसार गठित कमेटी के कार्यक्षेत्र को विस्तृत एवं मजबूत बनाया है।

निदेशक मंडल

निदेशक मंडल कंपनी द्वारा लिये गये सभी प्रकार के मुख्य कार्रवाई / कार्यकलापों की निरीक्षण करता है। बोर्ड निगमित निष्पादन के अनुवीक्षण समेत रणनीति एवं व्यापारिक योजना को भी समीक्षा एवं अनुमोदन करता है।

एसोसियेशन की धारा के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी के निदेशकों की संख्या न दो से कम होगा और न पन्द्रह से अधिक होगा। निदेशक को किसी प्रकार के योग्यता शेयर रखने की आवश्यकता नहीं है।

रिपोर्ट करने की तिथि के अनुसार एचईसी के बोर्ड में सात निदेशक है यथा : (क) कार्यपालक निदेशक (पूर्णकालिक), (ख) सरकार द्वारा मनोनीत आधिकारिक निदेशक और (ग) गैर आधिकारिक निदेशक। इसमें शामिल है :– अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी), चार कार्यकारी निदेशक यानी निदेशक (कार्मिक) निदेशक (वित्त), निदेशक (विपणन) एवं निदेशक (उत्पादन) (ब) भारत सरकार द्वारा मनोनीति दो भारी उद्योग मंत्रालय से आधिकारिक निदेशक (स) एक गैर–आधिकारिक निदेशक। सीएमडी समेत निदेशकों की नियुक्ति की शर्ते और कार्यावधि भारत सरकार भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा निर्धारित की जाती है।

निदेशक को देय पारिश्रमिक / क्षतिपूर्ति भी भारत सरकार द्वारा नियत किया गया है और अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एवं कार्यकारी (पूर्णकालिक) निदेशक को भारत सरकार द्वारा निर्धारित मासिक पारिश्रमिक दिया जाता है।

पूर्णकालिक (कार्यकारी) निदेशक :–

(क) श्री जी. के. पिल्लई	:	अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
(ख) श्री एम. आर. वेणुगोपाल	:	निदेशक (कार्मिक)
(ग) श्री आर. मिश्रा	:	निदेशक (वित्त) (16.05.2008 से)
(घ) श्री भरत प्रसाद	:	निदेशक (विपणन) (16.06.2008 से)
(च) श्री एस. के. चौधरी	:	निदेशक (उत्पादन) (03.09.2008 से)

भारत सरकार द्वारा मनोनीत अंशकालिक आधिकारिक निदेशक –

(अ) श्री बी. बी. सिंह

(ब) श्री आर. अशोकन

भारत सरकार द्वारा मनोनीत गैर आधिकारिक (अंशकालिक) निदेशक

(अ) श्री वी. के. श्रीवास्तव

बोर्ड की बैठक

बोर्ड की बैठक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय राँची में हुई। कंपनी सचिव ने बोर्ड के सचिव के रूप में सेवा प्रदान की।

बोर्ड बैठक की संख्या

वर्ष 2007–08 के दौरान पाँच (5) बैठक सम्पन्न हुई, जिसके विस्तृत व्योरे निम्नवत है।

क्र.सं.	दिनांक	बोर्ड तादाद	निदेशकों की उपस्थिति की सं.
1.	18.04.2007	04	02
2.	05.05.2007	04	03
3.	26.07.2007	05	04
4.	30.08.2007	05	05
5.	22.01.2008	05	04

बोर्ड बैठक में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति

निदेशकों के नाम	अवधि	आयोजित बोर्ड बैठक की सं.	बोर्ड बैठक में उपस्थिति की सं.	अन्य बोर्ड में निदेशकों की सं.
कार्यकारी निदेशक पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशकगण				
1. श्री जी. के. पिल्लई सीएमडी	28.05.2007 से 31.03.2008	03	03	—
2. श्री एम. आल. वेणुगोपाल निदेशक (कार्मिक)	01.04.2007 से 31.03.2008	05	05	—
ब) भारत सरकार द्वारा मनोनीत अंशकालीन आधिकारिक निदेशक				
1. श्री एन. गोकुलराम	01.04.2007 से 30.08.2007	04	03	03
2. श्री एस. सिद्धार्थ	01.04.2007 से 05.05.2007	02	02	08
3. श्री बी. बी. सिंह	26.07.2007 से 31.03.2008	03	03	03
4. श्री आर. अशोकन	22.01.2008 से 31.03.2008	01	01	—
स) अंशकालीन गैर आधिकारिक निदेशक				
1. श्री वी. के. श्रीवास्तव	01.04.2007 से 31.03.2008	05	02	02

बोर्ड कार्यसूची एवं सामग्री

बोर्ड को विश्वास है कि सावधानीपूर्वक कार्यसूची तैयार करना प्रभावशाली बोर्ड बैठक के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यसूची में सम्मिलित सभी महत्वपूर्ण मुद्दे से संबंधित व्यापक पृष्ठभूमि एवं सूचनाएँ उपलब्ध होनी चाहिए ताकि बोर्ड को निर्णय लेने में दिक्कत न हो। कार्यसूची काफी लचीला होनी चाहिए ताकि अप्रत्याशित विकास समायोजित हो सके और बोर्ड का ध्यानाकृष्ट किया जा सके एवं निर्णय लिया जा सके। कार्यसूची पत्र बोर्ड के सदस्यों के बीच आम तौर पर पहले से ही पेश कर होना चाहिए। बोर्ड सदस्य अध्यक्ष के सम्पर्क के उपरांत कोई भी प्रासंगिक मुद्दे बोर्ड के समक्ष विचारार्थ रख सकता है।

अंकेक्षण कमेटी बैठक में प्रत्येक सदस्य की उपस्थिति

सदस्यों के नाम	अवधि	आयोजित बैठक की सं.	बैठक में उपस्थिति की सं.
1. श्री वी. के. श्रीवास्तव अध्यक्ष अंकेक्षण कमेटी	01.04.2007 से से 31.03.2008	01	01
2. श्री बी. बी. सिंह सदस्य	01.04.2007 से 31.03.2008	01	01
3. श्री एम. आर. वेणुगोपाल सदस्य	01.04.2007 से 31.03.2008	01	01

31 मार्च 2008 को समाप्त हुए वर्ष के हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के लेखा पर कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के तहत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ

टिप्पणियाँ	राशि	उत्तर

(रु. करोड़ में)

(अ) लाभ प्रदता पर टिप्पणियाँ

शुद्ध लाभ रु. 4.17 करोड़

दिनांक 2 अगस्त 2008 को सम्पन्न सांविधिक लेखा परीक्षक रिपोर्ट के पैराग्राफ-2 के संदर्भ का निदेश करें, जिसमें उल्लिखित है कि ''वर्ष का लाभ'' (रु. 4.17 करोड़) में रु. 74.22 करोड़ की हानि होगी। सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रतिवेदित हानि को रु. 2.51 करोड़ तक निम्नांकित कारणों से कम दर्शाया गया है।

(i) सीआईएसएफ के वेतन के मद में रु. 2.51 करोड़ 1 जनवरी 2006 से 31 मार्च 2008 तक प्राक्कलित आधार पर 1 जनवरी, 2006 से देय लंबित वेतन पुनरीक्षण का प्रावधान न होना है।

प्रतिवेदित लाभ रु. 4.17 करोड़ एवं सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा रु. 74.22 करोड़ की अपेक्षित हानि के अन्तर के कारणों पर संबंधित लेखा परीक्षा पैरा सं. 4, 6.2, 6.3, 9, 10.1, 10.2, 10.3 एवं 10.4 के विरुद्ध उत्तर में पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है।

सीआइएसएफ देयताएँ उनके द्वारा प्रस्तुत दावे / बिल के आधार पर लेखा में प्रावधान किया गया है, परन्तु 31 मार्च, 2008 तक की अवधि का भुगतान नहीं किया गया है। सीआइएसएफ प्राधिकरण से वेतन पुनरीक्षण बकाया के मद में बिल / सूचनाएँ / दावे की प्राप्ति लंबित होने के कारण सीआइएसएफ के लिए भावी वेतन पुनरीक्षण बकाया का प्रावधान इस स्तर पर करना संभव नहीं है क्योंकि इस प्रकार की देयताएँ को ज्ञात करने के लिए कोई भी तकनीक उपलब्ध नहीं है।

(ब) खुलासा पर टिप्पणियाँ

कंपनी ने अंकित लाभ एवं हानि लेखा में प्रति शेयर मूल डाइल्यूट उपार्जन का खुलासान ही किया है। इस संबंध में अन्य अपेक्षित खुलासा जैसा कि लेखामानक – 20 के अधीन आवश्यक है, का भी अनुसरण नहीं किया हैं, जो लेखा मानक व्याख्या-12 के साथ पठनीय है।

मूल एवं डाइल्यूट उपार्जन प्रति शेयर ''अनुसूची-25'' में खुलासा किया गया है – लेखा पर टिप्पणियों में टिप्पणी सं. 12 देखें।

यद्यपि कि उसका खुलासा अंकित लाभ एवं हानि लेखा में करने वास्ते नोट किया गया। जिसका अनुसरण अगले वर्ष के लेखा में किया जायेगा।

(स) लेखा परीक्षक की रिपोर्ट पर टिप्पणियाँ

(i) सांविधिक लेखा परीक्षक ने बहुत सी अर्हता जैसा कि उनकी रिपोर्ट के पैरा 3 से 11 में उल्लिखित है, प्रदान किए हैं। सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा अर्हता एवं मात्रा के आधार पर पैरा सं. 4, 5.1, 6.2, 6.3, 9, 10, 10.1, 10.2, 10.3 एवं 10.4 में वर्ष के लिए प्रतिवेदित शुद्ध लाभ (रु. 4.17 करोड़), हानि (रु. 74.22 करोड़) होगी तथा चालू देयताएँ एवं प्रावधान में रु. 653.87 करोड़ तक वृद्धि होगी चूँकि इन अर्हताओं में कंपनी की प्रतिवेदित वित्तीय स्थिति पर सामग्री का प्रभाव है, इसलिए सांविधिक लेखा परीक्षक के इस पर मंतव्य प्रदान करने के लिए उपयुक्त नहीं है कि कंपनी के प्रस्तुत वित्तीय ब्योरे सत्य एवं तथ्यपूर्ण है।

लेखा परीक्षा रिपोर्ट के पैरा-4, 6.2, 6.3, 9, 10.1, 10.2, 10.3 एवं 10.4 पर सांविधिक लेखा परीक्षक के अवलोकनार्थ प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत उत्तर में दिये गये तथ्यों के मद्दे नजर विचाराधीन है। प्रबंधन इस मत पर सहमत है कि वास्तविक देयता के रूप में उपयुक्त रकम पर विचार नहीं किया जा रहा है क्योंकि बहुत जल्दी उपयुक्त प्राधिकरण के साथ निपटान होना है जो पुनरुद्धार योजना के तहत है। अतएव इस स्तर पर किसी प्रकार का लेखा में प्रावधान करना आवश्यक नहीं है।

इस प्रकार लाभ एवं हानि लेखा में खुलासा किया गया लाभ अधिक नहीं दर्शाया गया है। हालांकि भरपूर सावधानी बरतने के लिए इसे आकस्मिक देयता के रूप में दर्शाया गया है, लेखा पर टिप्पणियाँ (अनुसूची 25) में पैरा सं. 2 अवलोकन करें।

ह./–
(राकेश मोहन)
प्रधान निदेशक,
वाणिज्यिक लेखा परीक्षा एवं पदेन सदस्य लेखा परीक्षा बोर्ड

स्थान : राँची
दिनांक : 15.09.2008

ह./–
(जी. के. पिल्लई)
अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक

लेखा परीक्षक की रिपोर्ट

प्रेषित

सदस्यगण

हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लि., राँची

हमने हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के 31 मार्च, 2008 के संलग्न तुलन पत्र एवं उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष का कंपनी के लाभ एवं हानि लेखा और कैश फ्लो ब्यौरे का लेखा परीक्षण किया है। इन वित्तीय ब्यौरों का दायित्व कंपनी के प्रबंधन का है और हमारा दायित्व अपने द्वारा किए गये लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय ब्यौरों पर अपनी राय व्यक्त करना है।

निम्नांकित पैराग्राफ में खुलासा किये वगैर, हमने अपनी लेखा परीक्षा लेखा परीक्षण मानकों के अनुसार निष्पादित किया है जो भारत में सामान्यत: स्वीकृत है। इन मानकों की अपेक्षा है कि हम योजना तैयार कर लेखा परीक्षण युक्तिसंगत आश्वासन की प्राप्ति के लिए निष्पादित करें ताकि वित्तीय ब्यौरे गलत महत्वपूर्ण विवरण से मुक्त हों।

लेखा परीक्षा में शामिल है वित्तीय ब्यौरों में दी गई राशियों व खुलासों के सबूतों को जांच के आधार पर परीक्षण। प्रयोग किये गये लेखा सिद्धान्तों का निर्धारण, प्रबंधन द्वारा किये गये महत्वपूर्ण प्राक्कलन के साथ–साथ समस्त वित्तीय ब्यौरों की प्रस्तुति का मूल्यांकन भी लेखा परीक्षा में शामिल है। हमें विश्वास है कि लेखा परीक्षा हमारी राय में युक्तिसंगत आधार प्रदान करता है।

1. कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 (4ए) के तहत भारत सरकार द्वारा निर्गत कम्पनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आर्डर 2003 यथा संशोधित कंपनी (लेखा परीक्षा)(रिपोर्ट) (संशोधन) आदेश 2004 की अपेक्षानुसार हमने प्राप्त सूचनाओं व स्पष्टीकरण के आधार पर यथोचित जांच पड़ताल के बाद उक्त आर्डर के पैराग्राफ 4 एवं 5 में उल्लिखित मामलों को वर्णित किया है।

2. इसके आगे उपर्युक्त पैराग्राफ–1 में संेदर्भित अनुलग्नक जो पैराग्राफ 3 से 11 तक में निहित हमारा अवलोकन के अधीन अनुकरणीय है, फलस्वरूप पैराग्राफ सं. 4, 5.1, 6.2, 6.3, 9, 10.1, 10.2, 10.3 और 10.4 में उल्लिखित मात्रात्मक आइटमों से संबंधित लाभ, परिसम्पतियां एवं दायित्व पर प्रभाव पड़ता है और कंपनी की ओर से उपयुक्त सूचना / स्पष्टीकरण एवं अभिलेख की प्रस्तुति के अभाव में अन्य पैरा के मात्रात्मक आइटमों पर लाभ, परिसम्पत्तियाँ एवं दायित्व पर प्रभाव के संबंध में कहना मुश्किल है। जैसा कि उन पैरा के उपयुक्त भाग में वर्णित है जिसे ''महत्वपूर्ण लेखा नीतियां'' एवं ''लेखा पर टिप्पणियों'' में अन्य टिप्पणियां के साथ अनुसूची–25 में पठनीय है साथ ही हम रिपोर्ट करते हैं कि :–

   उपर्युक्त पैरा में उल्लिखित मात्रा का अवलोकन कर विचार किया गया कि ''वर्ष के लाभ'' रु. 7422.10 लाख हानि होगी (जबकि रु. 416.61 लाख लाभ दिखाया गया है) तुलन पत्र के लाभ एवं हानि लेखा में रु. 178298.48 लाख के आंकड़े होंगे (जबकि प्रतिवेदित राशि रु. 108298.44 लाख), वर्ष का उत्पादन (शुद्ध) रु. 33374.83 लाख होगा (जब कि प्रतिवेदित रु. 36884.33 लाख है), ''शुद्ध चालू परिसम्पत्तियाँ'' रु. (–) 104156.42 लाख होगी (जब कि इसके विरुद्ध रु. (–) 37922.09 लाख प्रतिवेदित है) और पूंजीगत चालू कार्य रु. 2037.04 लाख का है (जब कि इसके लिए रु. 2710.36 लाख दर्शाया गया है)।

उत्तर

1. कोई टिप्पणी नहीं।

2. उत्तर प्रासंगिक अंकेक्षण पैरा सं. 4, 5.1, 6.2, 6.3, 9, 10.1, 10.2, 10.3 एवं 10.4 के विरुद्ध पहले ही दिया जा चुका है।

2.1	हमने सभी प्रकार की सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त किये हैं, जो लेखा परीक्षण के प्रयोजनार्थ हमारी जानकारी एवं विश्वास के लिए आवश्यक थे।	2.1	कोई टिप्पणी नहीं।
2.2	हमारी राय में कंपनी के पास विधि सम्मत अपेक्षित लेखा बहियां हैं, जो परीक्षण हेतु प्रस्तुत की गई थी।	2.2	कोई टिप्पणी नहीं।
2.3	कथित तुलन पत्र और लाभ और हानि लेखा तथा कैश फ्लो ब्यौरे इस रिपोर्ट से सम्बद्ध लेखा बही के अनुरूप है।	2.3	कोई टिप्पणी नहीं।
2.4	हमारे विचार में तूलन पत्र एवं लाभ हानि लेखा तथा कैश फ्लो ब्यौरे जो कंपनी द्वारा तैयार किये गये हैं वह रिपोर्ट के पैरा 11 में निर्दिष्ट विचलन एवं अन्यत्र वर्णित को छोड़कर जहाँ लेखा मानकों का अनुसरण नहीं किया गया है। कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उपधारा 3(सी) में उल्लिखित अनिवार्य लेखा मानक महत्वपूर्ण लेखा नीतियां तथा अनुसूची "25" के अनुरूप है। (लेखा पर टिप्पणी)।	2.4	कोई टिप्पणी नहीं।
2.5	जैसा कि हमें स्पष्ट किया गया, कंपनी मामले के विभाग द्वारा निर्गत अधिसूचना सं. जीएसआर 829 (ई) के अनुसार कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274(1)(जी) के प्रावधान सरकारी कंपनी पर लागू नहीं है।	2.5	कोई टिप्पणी नहीं।
2.6	हमारे मंतव्य में हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कथित लेखा, महत्वपूर्ण लेखा नीतियों के साथ पठनीय है और अनुसूची 25 पर की गई अन्य टिप्पणियां कंपनी अधिनियम 1956 द्वारा प्राप्त अपेक्षित सूचनाएं लेखा सिद्धान्तों के अनुरूप सत्य एवं तथ्यपरक है जो सामान्यता भारत में स्वीकृत है।	2.6	कोई टिप्पणी नहीं।
	(अ) तुलन पत्र में 31 मार्च, 2008 के अनुसार कंपनी की स्थिति और (ब) कैश फ्लो स्टेटमेंट में उस वर्ष में हुए कैश फ्लो का विवरण।		(अ) एवं (ब) कोई टिप्पणी नहीं।
	लाभ एवं हानि लेखा के मामले में, 31 मार्च 2008 को समाप्त हुए वर्ष में लाभ रु. 416.61 लाख है। यदि लेखा परीक्षा रिपोर्ट की परिमाणत्मक टिप्पणियाँ इसे प्रभावित करती है तो रु. 7422.10 लाख की हानि होगी।		उत्तर प्रासंगिक पैरा सं. 4, 5.1, 6.2, 6.3, 9, 10.1, 10.2, 10.3 एवं 10.4 के विरुद्ध पहले ही दिया जा चुका है।
3.	जैसा कि लेखा नीति के पैरा 1.0 में निर्दिष्ट है कंपनी के लेखा सुनाम संस्थान के पूर्वानुमान के आधार पर तैयार किये गये हैं। अनुसूची "25" में निर्दिष्ट तथ्य, जो 06.07.2004 को कंपनी के बंद करने के बीआइएफआर के आदेश से संबंधित है तथा भारी संचित हानि के मद्दे नजर सुनाम संस्थान के रूप में बनाये रखने के लिए वास्तविक रूप से वित्तीय उपलब्धता, उच्च न्यायालय / एएआईएफआर के निर्णय के साथ–साथ भारी उत्पादन निष्पादन एवं लाभप्रदता आदि पर निर्भर करता है।	3.	लोक उपक्रम पुनर्गठन बोर्ड (बीआरपीएसई) कंपनी के पुनरुत्थान प्रस्ताव की सिफारिश की तथा केन्द्रीय मंत्री परिषद द्वारा इसे दिनांक 15.12.2005 को विधिवत अनुमोदित किया गया। भारत सरकार ने योजनागत ऋण को ईक्विटी में रुपांतरित किया, गैर योजनागत ऋण, और 31.03.2005 को योजना एवं गैर योजनागत ऋण पर बकाया व्याज को भी माफ किया साथ ही वित्तीय वर्ष 2005–06 की समाप्ति के पूर्व एचईसी को ब्रिज लोन के रूप में रु. 102 करोड़ का फंड मुहैया कराया। झारखण्ड सरकार ने भी माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय ने शपथनामा दायर कर कहा है कि जेएसईबी के बकाया का निपटान किया जायेगा, बिक्री कर और जल प्रभार हटाया जायेगा एवं एचईसी की अतिरिक्त जमीन तथा रिहायशी एवं गैर रिहायशी भवनों जो पहले से ही झारखण्ड सरकार के पास है उसे लेने के बदले में फंड भी मुहैया कराया जायेगा। इसके अलावे नगद रकम उपार्जित करने के लिए आवासीय क्वार्टरों को दीर्घकालीन लीज पर हस्तांतरित किया जायेगा। यहाँ तक कि कम्पनी पर कर्मचारी की देयता की समाप्ति होने पर निकट भविष्य में एचईसी को कार्यशील पूँजी के मद में नगद राशि का अभाव

नहीं रहेगा। सांविधिक निकायों एवं अन्य वाह्य पार्टी को देयता वहन करने के लिए कंपनी पूर्ण रुपेण पर्याप्त वित्तीय संसाधन के साथ 'सुनाम संस्थान' के रूप में सक्षम होगी।

कंपनी सांविधिक निकायों एवं अन्य वाह्य पार्टियों को पूर्ण भुगतान के लिए ''सुनाम संस्थान'' के रूप में पर्याप्त वित्तीय संसाधन के साथ सक्षम है।

4. रु. 673.32 लाख की राशि के पूंजीगत चालू कार्य (एचएमबीपी के रु. 397.94 लाख और एफएफपी के रु. 275.38 लाख) का इरेक्शन, कमिशनिंग एवं समापन तीन वर्ष या उससे अधिक की अवधि से लम्बित है, जिसके लिए किसी प्रकार का प्रावधान नहीं किया गया तथा इस प्रकार वर्ष की हानि कम कर दर्शायी गई है और उस सीमा तक पूँजीगत चालू कार्य अधिक दर्शाया गया है।

4. कैपेक्स वर्क्स के लिए फंड नहीं रहने के कारण पूर्व के वर्षों में कार्य पूरे नहीं किये गये। अब कैपेक्स के लिए भारत सरकार से फंड उपलब्ध होने से एवं झारखण्ड सरकार से भी फंड मिलने की संभावना से लंबित कार्य क्रमश: प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूरे किये जायेंगे।

5. वस्तु सूचियां

